मुरलीवाले श्याम तुम्हारा क्या कहना | By Somya Khandelwal

ये मुरली मधुर बजावे
गलियन में शोर मचावे
ग्वालन संग रास रचावे
हर पल हमको तरसावे
तेरी मीठी मीठी तान तुम्हारा क्या कहना
मुरली वाले श्याम तुम्हारा क्या कहना

सांवरिया तेरा मुखड़ा
चंदा का कोई टुकड़ा
है रूप ये तेरा निराला
लागे ये कितना प्यारा
तुझे देख दीवाने हो जावे
दिल में सूरत बस जावे
तेरी प्यारी सी मुस्कान तुम्हारा क्या कहना
मुरली वाले श्याम तुम्हारा क्या कहना

नैनो से नैन मिलावे एक पल में चैन चुरावे
होंठों से हंस हंस बोले तुम राज़ दिलो के खोले
गल में बैजंती साजे
मोरन के पंख लगावे
तेरी टेढ़ी चितवन चाल तुम्हारा क्या कहना
मुरली वाले श्याम तुम्हारा क्या कहना

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%ae%e0%a5%81%e0%a4%b0%e0%a4%b2%e0%a5%80%e0%a4%b5%e0%a4%be%e0%a4%b2%e0%a5%87-%e0%a4%b6%e0%a5%8d%e0%a4%af%e0%a4%be%e0%a4%ae-%e0%a4%a4%e0%a5%81%e0%a4%ae%e0%a5%8d%e0%a4%b9%e0%a4%be%e0%a4%b0%e0%a4%be/